# Attraction Ka Infection

नुक्कड़ नाटिका

## अटरेक्शन (आकर्षण) का इंफेक्शन

आओ - आओ नाटक देखो — 2
अरे भईयां भी आओ, बहना भी आओ
अरे चाचा भी आओ, चाची को भी लाओ
आओ - 2 नाटक देखो
बड़े मजे का नाटक देखो
पीछे वाले आगे आओ, आगे वाले बैठ जाओ
क्योंकि ———————, नाटक दिल की बातें बोले ——— 2

आ — अच्छा तो आज यहाँ पर नाटक होगा
मा — नाटक का टॉपिक करप्शन होगा
All — नहीं नहीं
मा — तो नाटक का टॉपिक इलेक्शन होगा
All — अरे नहीं नहीं
बा — अरे तो पक्का टॉपिक फैशन होगा।
मा — अरे नहीं बाबा नहीं न करप्शन न इलैक्शन ना फैशन
आज का टॉपिक होगा "अटरेक्शन का इन्फेक्शन"

All — अटरेक्शन का इंफेक्शन भईयां ---- 2

I — दुनिया कि इस चका-चौंध में, अटरेक्शन का डाका
इसने बच्चे, बूढ़े सबको, खतरे में है डाला

All — खतरे में है डाला भैया, खतरे में है डाला

II — तो मेहरबान, कदरदान, साहिबान, दिल थाम कर बैठिये क्योंकि प्रस्तुत है, आत्मा थी कन्या विद्या निकेतन द्वारा एक शानदार नुक्कड़ नाटिका

III — light, Camera, Action / लाइट, कैमरा, एक्शन

→

(दृश्य) सीन - 1 / Scene-1

Anu - अरे बहिन देखो मेरे पापा ने कल मुझे I-phone / आईफोन दिलाया है।

Nami - अरे वाह! बहिन ये तो मस्त है। मैं भी बहुत टाइम से पुरानी स्कूटी चला रही थी तो मेरे पापा ने भी कल मुझे नई स्कूटी दिलाई है।

Anu - अरे वाह! बहिन मुबारक हो / Congratulations.

Nami - अरे बहिन हर्षिता, कहाँ चली।

Harshi - बस बहिन, घर जा रही हूँ।

Anu. - वैसे तेरी खटारा स्कूटी नहीं दिख रही

(Nami, Anu.... हँसते हुए - हाँ.हाँ)

Nami - बेच दी क्या? वैसे वो खटारा खरीदी किसने? (हर्षिता घर जाती है और पापा से)

Harshi - पापा पापा .....

Papa - हाँ बेटी बोलो क्या हुआ।

Harshi - मेरे सारे दोस्तों के पास नए-नए फोन, नई स्कूटी है और मेरे पास ये पुरानी खटारा स्कूटी, मुझे आज ही नई स्कूटी चाहिए मतलब चाहिए।

Papa - पर बेटी मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, हम तुम्हारे दोस्तों की तरह अमीर नहीं हैं।

Harshi - छोड़ो आप से बोलना ही बेकार है, अब मैं खुद ही लेकर आऊँगी।

Papa - पर कहाँ से लाएगी।

Harshi - चोरी करूँगी, डाका डालूँगी, कुछ भी करूँगी, पर नई स्कूटी खरीद कर रहूँगी।

NewGirl - नई-नई गाड़ी, नए-नए कपड़े और नए उपहार जीवन ही ~~ज~~ लता इसमें जाग सके तो जाग रे भईयाँ ...... 2

## Scene/ दृश्य -2

Aayu - सुनिये सुनिये अलमारी में से सारे गहने और पैसे गायब हैं।

Charu - क्या! अरे फिर से ठीक से देखो।

Aayu - मैंने सब जगह देख लिया और का...का... काव्या भी कल रात से घर नहीं आई हैं। कहीं वो उस लड़के के साथ ...... नहीं ......

Charu – तुम – तुम चिंता मत करो, मैं अभी पुलिस को फोन करता हूँ।

——— २ घंटे बाद ———

Kavya – सॉरी माँ पापा। मुझे माफ कर दो।

Aayu – काव्या बेटी तुम कहाँ थी।

Kavya – माँ-पापा मैं रोहन के (So-called) प्यार मतलब अटैक्शन में फंस गई थी।
– उसने मुझे साथ-जीने मरने के सपने देखकर दिखाए। उसने मुझसे पैसे मांगे मैंने उसे पैसे दिए। उसने मुझसे गहने मांगे मैंने उसे गहने दिए। उसने जो जो मांगा मैंने सब दिया। फिर भी, फिर भी वो मुझे छोड़ कर चला गया। मुझे माफ कर दो। I am Sorry, माँ पापा।

New girl – सबकी देखा देखी में क्यों जेबे खाली करते हो सबके जैसा बनने को क्यों भेड़ चाल में चलते हो, क्यो भेड़ चाल में चलते हो ........2

All – क्यो भेड़ चाल में चलते हो ........ 2

Aashi – भटक गए है लोग राह से करते है मनमानी, अटैक्शन के इंफेक्शन ——— मुँह कीखानी ---2

Aditi – सुनो कहानी -सुनो कहानी, अटैक्शन की सुनो कहानी।

## दृश्य-3/Scene-3

Aashi – अरे रिया, हम घूमने जा रहे हैं तू भी चल हमारे साथ ?

Riya – मैं नहीं चल सकती, मुझे अभी Assiment कम्प्लीट करना है, पढ़ना है बहुत काम है मेरे पास।

Aditi – अरे यार। चल ना किताबी कीड़ा है क्या तू ?

Riya – पर वहाँ, मेरा क्या काम ?

Aditi – अरे चल ना। घूमेंगे, फिरेंगे, नाचेंगे, गाएंगे ऐश करेंगे और क्या ?

(सब साथ में —" ——" ——" ——" —— )

Riya – और पढ़ाई ?

Aashi – हाँ, हाँ बहन तू पढ़ाई लिखाई कर। IAS-YAS बन हमारा क्या है? हम तो है ही निठल्ले (2,3,4 साथ में हम तो है ही निठल्ले)

Riya- (सबके जाने के बाद) क्या करूँ यार। चली जाऊँ क्या? मजा तो बहुत आएगा। →

Entry of good & bad angel :-

Bad - अरे तू जा ना रे ज्यादा मत सोच और वैसे भी पढ़ाई तो जीवन भर ही करनी है। एक दिन की ही तो बात है। आज चली जा, तो आज धूम आएगी। जा ---- आज अपना मन बना ले।

Good - नहीं रिया इसकी मत सुन। ये तुझे भड़का रही है। तू यहाँ पढ़ाई करने के लिए आई है। तुझे यहाँ पढ़ाई करनी चाहिए। तू वहाँ मत जा, तू यहाँ पढ़ाई कर। इसकी मत सुन तू।

Bad-good – दोनों में बहस हो जाती है।

तू मत जा... 2 नहीं रिया / तू जा --- 2 जा रिया

Riya – रिया Good Angel को धक्का देकर हटा देती है। और bad Angel के साथ मिलकर हँसती है।

Aashi – देखो ----- जादू हो रहा है 'attraction का इंफेक्शन'।

(Funny way M Bolna H)

Nami – अरे! आकर्षित जो व्यक्ति करते, सुनो अब उनका हाल

Another One – दूसरों को ~~आकर्ष~~ आकर्षित / ~~आ~~ करते, खुद ही है बे-हाल

(All – खुद ही है बेहाल भईया खुद ही है बेहाल)

Scene/ दृश्य change

Piya - Phone पर पापा से बात करते हुए आएगी।

Hello! हाँ पापा मुझे पैसे चाहिए थे। (गुस्से मे) नहीं इस बार मैं आपकी कुछ नहीं सुनुंगी मुझे पैसे चाहिए मतलब चाहिए। नहीं मुझे कुछ नहीं पता की आपके पास क्या परेशानियाँ हैं। (नहीं --- 2)

मुझे आज के आज पैसे चाहिए मतलब चाहिए। चलो अब call रखो मेरी दोस्त आ रही है उसके सामने बेइज्जती करवाओगे क्या।

→ हाँ। शाम तक पैसे भेज देना मुझे।

Mnu → क्या हुआ Piya ! आज परेशान दिखाई दे रही हो।

Piya → परेशान वो भी मैं। अरे परेशान तो मुझे तू दिखाई दे रही है।
ये अपने कपड़े देख रही है or मेरे ये Branded कपड़े। परेशान होने की बात कर रही है। मेरे insta के followers देखे हैं तूने, insta की Superstar हूँ। मैं सुपरस्टार।

(पीछे से एक साथ ooohoooo)

[होटल का दृश्य। वेटर को बुलाकर]

## Scene / दृश्य - 4

Mnu - तुम्हारी होटल में जो सबसे मंहगी चीज हो वो लेकर आओ।

Charu - तू तो बहुत अमीर हो गई।

Mnu - देख रही है बहन कैसे मेरे पास कुछ नहीं था और आज देख, जमाना मुझे जलील करता था और अब देख।

(खाना तो बहुत अच्छा है।)

Aashi - भाई, बिल

Mnu - अरे बिल इधर लाओ।

Aashi - सर, मैं चेंज लेकर आता हूँ।

Mnu - अरे! keep the change -

Charu - ~~ooo~~oooo ओ --- हो ---

अरे मनु हमें भी तो बताओ ऐसा क्या हुआ तेरे साथ। जो इतना पलट गया

Mnu - अरे वो --- कुछ नहीं --- 2

Peehu - ~~A~~ttraction में फंस तुझको इंफेक्शन हो जाएगा, Infection में आगे देखो क्या-क्या होता जाएगा।

~~Doctor~~ - ~~Hello~~

⟶

[हॉस्पिटल से call]

Doctor – Hello, मैम मैं हॉस्पिटल से बात कर रही हूँ। आप सुरेश के यहाँ से बात कर रहे हैं।

Mnu – हाँ, जी, जी मैं उनकी

Doctor – उनका accident हो गया है।

→ 1 महीने बाद ←

Mnu – Ooh shit, इस एक accident में ही मेरी 60% कमाई चली गई। अब मैं क्या करूँगी, इतने सारे Loan की EMI.

इलेक्ट्रोनिक्स की EMI
गोल्ड की EMI
घरकार की EMI

सब – EMI, EMI, EMI = circle

Mnu – नहीं, नहीं, नहीं। बस मैं ऐसे दिखावे की जिंदगी नहीं जी सकती। सिर्फ दिखावा करने के लिए मैंने इतने Loan लिए - सिर्फ और सिर्फ दिखावा करने के लिए मैंने अपनी जिंदगी बेकार कर दी। नहीं मैं ऐसी जिंदगी नहीं जीऊँगी --- 2

Pechu – Infection के Depression ने किया है फंदा गोल, अंत करन को चला है अपने जीवन की डोर ---- 2

आत्मार्थी – अरे-अरे इतना परेशान क्यों हो रही हो क्या हुआ?

Mnu – अरे तू कहां थी अबतक बहन। मुझे Attraction का Infection हो गया है। मैं क्या करूँ?

आत्मार्थी – क्या? फंस गई तुम इस चकाचौंध की दौड़ में मैंने तो सही समय पर सही फैसला लिया और आत्मार्थी में प्रवेश करवा लिया। जिससे मैं बची रही हूँ इस अट्रैक्शन के इंफेक्शन से। क्योंकि वहाँ मिलता है इसका एंटीडोज। बड़ी दीदी सिखाती है कि एकत्व ही सौन्दर्य है और असंयमित जीवन बिना ब्रेक की गाड़ी है। अपना स्वरूप ही देखने लायक है। इस प्रकार की कई शिक्षाएँ दी जाती हैं। —

— आत्मार्थी में तो मैं इन्हीं शिक्षाओं के कारण इंफेक्टेड नहीं हुई।
अटरैक्शन के इंफेक्शन से। तो क्या आप भी अपनी बालिकाओं को बचाना चाहते हैं। इस इंफेक्शन से तो उन्हें अवश्य भेजिए आत्मार्थी कन्या विद्या निकेतन में।

Mnu – काश — काश — मैंने भी आत्मार्थी में प्रवेश लिया होता काश।

All – वो पुराने दिन —— 2 ओस की नमी में भीगे वो पुराने दिन ——
दिन गुजर गए, हम किधर गए
पीछे मुड़कर देखा, पाया सब ही रह गए।
अकेले हैं खड़े, कदम नहीं पड़े
चल पड़ेंगे, सब भी कोई राह चल पड़े।
वो पुराने दिन —— 2
वो सुहाने दिन —— ओस की नमी में भीगे वो पुराने दिन।

Mnu – पर अब मैं क्या करूँ। ये पूरी गलती मेरी ही थी, मैंने ही सिर्फ दूसरों के जैसा बनने के लिए इतना सब किया।
नहीं मैं ऐसे जीवन नहीं जीऊँगी, मैं भी सादगी के साथ जीवन जीऊँगी।

P1 – जो कुछ तुमको मिला सहज ही
P2 – उसे सहज स्वीकार करो
P3 – व्यर्थ की देखा-देखी में तुम
P4 – जीवन न बरबाद करो —— जीवन न बरबाद करो।
P5 – गांव/चाह का जीवन देख ले प्यारे
P6 – गाँव का भाईचारा
P7 – अरे गायों को भी चारा डाले
P8 – पर कोई नहीं बेचारा।
P9 – अरे Attraction से परहेज रखते
P10 – जीवन सिम्पल सादा
P11 – अरे शहरी कीड़ा देख लो प्यारे
All – Attraction का मारा भईया attraction का मारा —— ②
P12 – छोड़ो यह सब इतराना, इसमें न कोई लाभ, तेरा सुख तो तुझ में ही है
जाग सके तो जाग रे भईया —— जाग सके तो जाग —— ② round घूमते हुए

All- सीख सुहानी इस नुक्कड़ की सुन लो खोल के कान —— 2
show off -- 2 करते -- 2 off ho jaye pran —— 2

P13 - तो फिर का करे भईआ।

<u>All around</u> - Attraction के द्वंद में Depression ho जाए
जीवन भर वो रोएगा, अंतसमय पस्ताय —— (2)

चाह दंड का फंद है, फंसना इसमें कौय ?
इच्छाओं का दमन कर, जीवन सुखी बनाय ---- (2)